5.3.2

Presence of an active student council

The college used to have a active student council to ensure their representation in different administrative, academic and co-curricular activities. There is a systematic and pre-defined process of students union election. When the election doesn't take place then there is a well defined procedure for nomination in which students are nominated for the post of president, Vice president, Secretary and joint secretary.

Scanned with OKEN Scanner

# जनभागीदारी समिति की बैठक वर्ष 2023-24

आज दिनांक 01-08-2023 दिन मंगलवार को माननीय जनभागीदारी अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों की बैठक महाविद्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में जनभागीदारी समिति के निम्न सदस्य उपस्थित हुए:-

(1) माननीय श्री रेखचन्द जैन जी — [signature]

(2) माननीय श्री घनश्याम शर्मा जी

(3) माननीय श्री मनीष शर्मा जी

(4) माननीय इमरान खान जी

(5) माननीय अशोक अरोरा जी — [signature]

(6) माननीय श्री ईश्वर खंबारी जी — [signature]

(7) सुश्री ज्योति राँव जी — [signature]

(8) सुश्री कौशर जी

(9) श्रीमती छोमल सेना जी

(10) श्री राजकुमार झा जी — [signature]

(11) श्री पी० सुरेश राजू जी

(12) श्री जोहन सूता जी — [signature]

(13) श्री सुरेश यादव जी

(14) डॉ० योगेन्द्र मोतीवाला — [signature]

[signature]
PRINCIPAL
Govt. Danteshwari P.G. Mahila Mahavidyalaya
JAGDALPUR

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

उक्त बैठक में निम्न प्रस्ताव एवं निर्णय लिए गए:-

01- महावि० की वेब साईट में स्टोरेज क्षमता में 10 जी० बी० की वृद्धि की गई है। वेबसाईट का वार्षिक रिन्युअल शुल्क प्रतिवर्ष जनभागीदारी निधि से भुगतान किया जाता है। 10 जी० बी० स्टोरेज क्षमता (स्पेस) में वृद्धि किये जाने के कारण वार्षिक रिन्युअल शुल्क राशि रूपये 25000/-(पच्चीस हजार) मात्र एवं महावि० की वेबसाईट को अपडेट करने हेतु अनुमानित राशि रूपये 25000/-(पच्चीस हजार) मात्र जनभागीदारी निधि से व्यय करने की अनुमति हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा सर्व सम्मति से पारित किया गया।

02- महाविद्यालयीन जनभागीदारी एवं स्ववित्तीय आय-व्यय का ऑडिट स्थानीय ऑडिटर से कराया जाता है। ऑडिट शुल्क का भुगतान जनभागीदारी खाते से राशि रूपये 7000/- तथा स्ववित्तीय खाते से राशि रूपये 7000/- मात्र व्यय करने की अनुमति हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा संबंधीत मद में व्यय करने की अनुमति दी जाती है।

03- महाविद्यालय में पी० जी० डी० सी० ए० की कक्षायें स्ववित्तीय योजना से संचालित हैं, उक्त संकाय का वार्षिक सम्बद्धता शुल्क विश्वविद्यालय को प्रतिवर्ष भुगतान किया जाता है। इस शुल्क के भुगतान हेतु स्ववित्तीय मद से राशि रूपये 6000/- व्यय करने की अनुमति हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा संबंधीत मद में व्यय करने की अनुमति दी जाती है।

04- महाविद्यालय के नैक ग्रेडिंग के लिए महाविद्यालयीन छात्रों के लिए सम्पूर्ण महाविद्यालय केंपस में वाई फाई सुविधा होना आवश्यक है। जिसके लिए अनुमानित राशि रूपये 1,20,000/- (एक लाख बीस हजार) मात्र स्ववित्तीय मद से व्यय करने की अनुमति हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा संबंधीत मद में व्यय करने की अनुमति दी जाती है।

Scanned with OKEN Scanner

05. महाविद्यालय में पी०जी०डी०सी०ए० की कक्षायें स्ववित्तीय योजना से संचालित है चूँकि हर वस्तु एवं सेवा के मूल्य में वृद्धि हो रही है। अतः संबंधित संकाय की छात्राओं के अध्यापन हेतु नियुक्त अतिथि व्याख्याता के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि अर्थात 16000 x 10% = 17600/- मासिक मानदेय में माह अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक स्ववित्तीय मद से राशि रूपये 2,10,000/- व्यय करने की अनुमति हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा सर्व सम्मति से पारित किया जाता है।

06. महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति के आय-व्यय एवं लेखों के संधारण कार्य हेतु लिपिक को 500/- प्रतिमाह दिया जाता है जो कि बहुत ही कम है। अतः माह जुलाई-2023 से राशि रूपये 700/- प्रतिमाह जनभागीदारी मद से मानदेय बढ़ाने की अनुमति हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया जाता है।

07. महाविद्यालय में कम्प्यूटर ऑपरेटर, लिपिकीय कार्य, चौकीदार, सुरक्षा गार्ड, फराश आदि के कार्यों के सम्पादन हेतु पूर्व से कार्यरत कर्मचारियों के कार्यकाल को 2023-24 में निरंतर जारी रखने की अनुमति एवं समिति द्वारा पूर्व में भृत्य के 01 पद पर कर्मचारी रखने हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई थी चूँकि पूर्व में नियुक्त भृत्य श्री निरंजन कश्यप के द्वारा बिना कोई सूचना के निरंतर कार्य पर अनुपस्थित होने के कारण उनकी सेवायें समाप्त कर दी गई है तथा भृत्य का पद रिक्त है। रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी करने की अनुमति तथा समस्त कार्यरत पदों के मानदेय भुगतान माह अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक कलेक्टर दर पर राशि रूपये 6,22000/- तक जनभागीदारी मद से व्यय करने की अनुमति हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया जाता है।

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

08. महाविद्यालय के पी०जी०डी०सी०ए० कम्प्यूटर लैब में स्थापित कम्प्यूटरों के अचानक खराब हो जाने की स्थिति में मरम्मत आदि पर स्ववित्तीय मद से राशि रूपये 70,000/-(सत्तर हजार) मात्र तक व्यय करने की अनुमति हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा संबंधित मद मे व्यय करने की अनुमति दी जाती है।

09. महाविद्यालय के अध्यापन कक्षों एंव अन्य कक्षों में विद्युत लाईन मरम्मत व विद्युत सामग्री की आवश्यकता होती है। अतः विद्युत मरम्मत व सामग्री क्रय हेतु जनभागीदारी मद से राशि रूपये 1,50,000/- तक व्यय करने की अनुमति हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा विद्युत मरम्मत हेतु EE/M लो० नि० वि० को पत्र लिखकर समिति को सूचित करने तथा विद्युत सामग्री GBS से क्रय करने की अनुमति दी जाती है।

10. महाविद्यालय परिसर के पेड़ों पत्तों, घास फूस व महावि० के वेस्ट मटेरियल से खाद निर्माण के लिए कंपोजिट पिट का निर्माण व 04 ट्राली गोबर खाद क्रय हेतु अनुमानित राशि रूपये 70,000/- तक जनभागीदारी मद से व्यय करने की अनुमति हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा संबंधीत मद मे व्यय करने की अनुमति दी जाती है।

11. महाविद्यालय के वर्तमान व्यवस्था के संचालन हेतु समय-समय पर शासन के निर्देशों का पालन करते हुए अनेक कार्यो का सम्पादन किया जाता है। इस हेतु प्राचार्य कंटीनजेंसी (अन्य आकस्मिक) मद में राशि रूपये 3,00,000/- (तीन लाख) मात्र तक जनभागीदारी मद से व्यय करने की अनुमति हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा उक्त राशि तक व्यय करने की अनुमति दी जाती है।

12. महावि० को शासन से जल, विद्युत एव टेलीफोन मद में समय पर पर्याप्त राशि आबंटित नहीं होती है जिसके कारण जल, विद्युत एवं टेलीफोन देयकों का भुगतान समय

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

नहीं हो पाता है जिससे अधिभार सहित अतिरिक्त राशि का भुगतान करना पड़ता है। वर्तमान व्यवस्था के संचालन हेतु इस व्यय का भुगतान जनभागीदारी मद से अग्रिम लेकर किया जाता है उक्त अग्रिम का समायोजन शासन से राशि आवंटित होने पर जनभागीदारी खाते में वापस जमा किया जाता है। अतः प्रतिमाह के जल, विद्युत एवं टेलीफोन देयक अनुसार जनभागीदारी मद से अग्रिम आहरण कर देयकों के भुगतान की अनुमति हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा संबंधित मदों में अग्रिम व्यय करने की अनुमती दी जाती है।

13. महावि० ग्रंथालय को इंटरनेट से जोड़ने व SOUL साफ्टवेयर की सुविधा प्रदान किया जाना अत्यंत आवश्यक है इस हेतु राशि रूपये 1,20,000/- (एक लाख बीस हजार) मात्र तक व्यय होना संभावित है। अतः उक्त राशि तक जनभागीदारी निधि से व्यय करने की अनुमति हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा ग्रंथालय हेतु SOUL साफ्टवेयर क्रय करने व साफ्टवेयर को महावि० के इंटरनेट कनेक्शन से जोड़ने की अनुमति दी जाती है।

14. महाविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास प्रायोगिक व अध्ययन कक्ष में दरवाजा, खिड़की, वेन्टीलेटर, कैन्टीन की खिड़की, मानव विज्ञान लैब एवं कक्ष तथा स्पोर्टस विभाग के दरवाजा आदि को एल्युमीनियम सेक्शन के माध्यम से कार्य करवाया जाना है इस हेतु राशि रूपये 1,50,000/- (एक लाख पचास हजार) मात्र तक व्यय होना संभावित है अतः उक्त राशि तक जनभागीदारी निधि से कार्य करवाने की अनुमति हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा महावि० से लो० नि० विभाग को पत्र प्रेषित करने के पश्चात अध्यक्ष को सूचित करने पर उक्त कार्य करवाने हेतु मौखिक चर्चा करने की सहमति दी गई 18

15. कार्यालय एवं समस्त विभाग के कम्प्यूटरों की तकनीकी खराबी के कारण समय-समय पर मरम्मत किया जाता है वर्तमान में कार्यालय तथा अधिकांश विभागों के कई कम्प्यूटर नहीं चल रहे हैं। इनकी मरम्मत

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

करवाया जाना अत्यंत आवश्यक है। अतः जन भागीदारी निधि से कम्प्यूटर मरम्मत हेतु राशि रुपये 60,000/- (साठ हजार) तक व्यय करने की अनुमति हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा उक्त राशि तक व्यय करने की अनुमति दी जाती है।

16- महाविद्यालय के विज्ञान भवन के लिए नगर निगम द्वारा लगाये गए पानी पाईप लाईन पाईंट से भवन के अन्दर पानी सप्लाई हेतु पानी टंकी का निर्माण तथा टंकी से भवन के अन्दर विभिन्न कक्षों में सप्लाई पाईप तक जोड़ने व ऊपर टंकी से वाटर कूलर तक पानी सप्लाई पाईप जोड़ने हेतु अनुमानित राशि रुपये 1,20,000/- (एक लाख बीस हजार) तक व्यय होना संभावित है। अतः उक्त राशि तक जन-भागीदारी मद से व्यय करने की अनुमति हेतु प्रस्ताव को महावि० से लो० नि० विभाग को पत्र प्रेषित करने के पश्चात् अध्यक्ष को सूचित करने पर उक्त कार्य करवाने हेतु भौतिक चर्चा करने की सहमति दी गई।

17- महाविद्यालय में भौतिक शास्त्र विभाग हेतु 01 नग, मानव विज्ञान हेतु 01 नग, क्रीड़ा विभाग हेतु 01 नग, एवं व्यापम व प्रतियोगी परीक्षा विभाग के लिए 01 नग कुल 04 नग स्टील आलमिरा जनभागीदारी मद से राशि रुपये 60,000/- एवं पी०जी०डी०सी०ए० विभाग को 02 नग स्टील आलमिरा प्रदान करने स्ववित्तीय मद से राशि रुपये 30,000/- तक व्यय करने की अनुमति हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा संबंधित मद में व्यय करने की अनुमति दी जाती है।

18- महाविद्यालय परिसर में बने पुराने एवं नया छात्रावास भवन की खिड़कियां, दरवाजे, विद्युत लाईन व सामग्री असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़-फोड़ कर चोरी कर लिया गया है। जिसके कारण महाविद्यालय की छात्राओं को छात्रावास में रहने की सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। चूँकि छात्राएं दूर-दराज के ग्रामीण ब्लॉक से आती हैं महावि० में छात्रावास का संचालन नहीं होने से छात्राएं प्रवेश लेने में संकोचित होती हैं यदि प्रवेश भी ले लेती हैं तो उन्हें किराये के मकान में रहकर पढ़ाई करने के लिए मजबूर

होना पड़ता है जिससे उन्हें आर्थिक व मानसिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। अतः अध्ययनरत छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुए उक्त दोनों भवनों की मरम्मत हेतु लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करने अथवा कलेक्टर बस्तर को DFM बस्तर विकास प्राधिकरण के खनिज न्यास निधि से उक्त मरम्मत कार्य करवाने हेतु समिति के माध्यम से मौखिक चर्चा अथवा पत्राचार करने हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा उक्त मरम्मत कार्य हेतु लो०नि० विभाग को एस०आर० बनाने पत्र प्रेषित कर अध्यक्ष को सूचित करने की सहमति दी गई।

19. महाविद्यालय में विज्ञान एवं गणित की कक्षायें सत्र 2018-19 से संचालित है उक्त संकाय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए प्रायोगिक कार्य हेतु प्रयोगशाला भवन नहीं होने से प्रायोगिक कार्य करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रायोगिक कार्य समय पर सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए विषयवार पृथक-पृथक 04 नग प्रयोगशाला कक्ष का होना आवश्यक है। अतः अध्ययनरत छात्राओं को सर्वसुविधा युक्त प्रायोगिक कक्ष की सुविधा प्रदान करने समिति के माध्यम से कलेक्टर बस्तर को अथवा बस्तर विकास प्राधिकरण के खनिज न्यास निधि से उक्त निर्माण कार्य करवाने हेतु ~~चर्चा~~ मौखिक चर्चा तथा पत्राचार करने हेतु प्रस्ताव को समिति द्वारा लो०नि०वि० से निर्माण कार्य के लिए प्राक्कलन बनवाकर बस्तर विकास प्राधिकरण व कलेक्टर को डी०एफ० एम० मद से निर्माण कार्य करवाने पत्र प्रेषित कर समिति को सूचित करने की सहमति दी गई।

20. महावि० के रसायन प्रयोगशाला के प्रायोगिक सामग्री रखने हेतु 03 नग स्टील रैक क्रय करने की सहमति दी जाती है तथा समिति के सदस्य श्री अशोक अरोरा जी के द्वारा उक्त लैब हेतु 02 नग वाशबेसिन प्रदान की घोषणा की गई।

[signature] [signature]

[signature]
रेखचंद जैन
विधायक

[signature] [signature]

PRINCIPAL
Govt. Danteshwari P.G. Mahila Mahavidyalaya
JAGDALPUR

[signature]
[illegible]

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner